भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है : सीएम भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झालावाड़ में संवाद कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को मोतियों से भी ज्यादा अनमोल बताया

झालावाड़, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झालावाड़ में संवाद कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को संगठन की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए उन्हें मोतियों से भी ज्यादा अनमोल बताया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता समाज सेवा का भाव लेकर पार्टी से जुड़ते हैं और संगठन के लिए अपने निजी कार्यों तक को पीछे छोड़ देते हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से आगामी पंचायत चुनावों की तैयारी में पूरी शिद्दत से जुटने का आव्हान करते हुए पंचायत समिति और जिला प्रमुख के पदों पर पार्टी के प्रतिनिधियों को जिताने का संकल्प भी दिलाया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश की जनता ने भाजपा को नगरीय निकाय चुनावों में प्रचंड समर्थन दिया। 309 निकायों में से 204 नगरीय निकायों में भाजपा के बोर्ड बने। ये नतीजे भाजपा सरकार की नीतियों और विकास कार्यों पर जनता की मुहर है। साथ ही, उन कार्यकर्ताओं के परिश्रम का भी फल है, जिन्होंने हर वार्ड में दिन-रात मेहनत करते हुए भाजपा उम्मीदवारों को जिताया। सीएम ने कार्यकर्ताओं से आव्हान करते हुए कहा कि निकाय चुनाव के बाद ट्रिपल इंजन सरकार के विकास के मॉडल को अब गांव-ढाणी तक पहुंचाना है और पंचायत चुनाव में भी कमल खिलाना है।

कार्यक्रम में सीएम भजनलाल शर्मा एवं पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया।

- **मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से आगामी पंचायत चुनावों की तैयारी में शिद्दत से जुटने का आव्हान किया**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने राजनीतिक सफर का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी राजनीति की शुरुआत युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष के रूप में हुई थी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने संगठन में काम किया है और वे कार्यकर्ताओं की मेहनत, संघर्ष तथा उनकी भावनाओं को अच्छी तरह समझते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी में आने वाला प्रत्येक कार्यकर्ता समाज सेवा का उद्देश्य लेकर आता है, कोई शर्त रखकर संगठन से नहीं जुड़ता।

झालावाड़ में आयोजित संवाद कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ-साथ पूर्व मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक वसुंधरा राजे सिंधिया भी पहुंची। हालांकि राजे का कोई पूर्व निर्धारित कार्यक्रम नहीं आया था, किंतु मुख्यमंत्री के कोटा से रवाना होने के कुछ देर पहले राजे विशेष विमान से झालावाड़ पहुंचीं। इसके अतिरिक्त संवाद कार्यक्रम में भी राजे ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ मंच साझा किया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री विशेष विमान से किशनगढ़ के लिए रवाना हो गए, जबकि राजे जिस हेलीकॉप्टर से मुख्यमंत्री कोटा से झालावाड़ आए थे उसके द्वारा जयपुर रवाना हो गई।

UNIVERSITY OF RAJASTHAN, JAIPUR
Jawahar Lal Nehru Marg, Jaipur - 302004

NOTICE INVITING E-BID

E-Bids for one year Rate Contract are invited from interested bidders for Supply of Stationary, Petty Items & Exam Materials (on F.o.R. basis) upto 09.10.2026, 01:00 PM. Other detailed particulars of the bid may be seen on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and http://uniraj.ac.in.
Bid Value: Approximate Value in 20.00 Lacs (Rupees)
UBN: URA2627GLRC00104, NIB: URA2627A0039 Registrar

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com, Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749
क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2026-27/राजकाज 24726731 दिनांक :- 27/09/2026

ई-निविदा सूचना संख्या 26/2026-27

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से विभिन्न कार्यो अनुमानित लागत राशि 351.99 लाख की ई-निविदा क्रम संख्या (1) दिनांक 21.10.2026 एवं ई-निविदा क्रम संख्या (2-4) दिनांक 08.10.2026 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in, http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।
UBN No. : AJD2627WSOB00151 To AJD2627WSOB00154
राज.संवाद/सी/26/10938 अधिशाषी अभियन्ता

AJMER VIDYUT VITRAN NIGAM LIMITED
Corporate Identification Number (CIN) - U40109RJ2000SGC016482
Registerd Office : Vidyut Bhawan, Panchsheel Nagar, Makarwali Road, Ajmer-305004
Office of The Superintending Engineer (Civil)
E-Mail - secivilavvnl@gmail.com; http://energy.rajasthan.gov.in/avvnl
No. : AVVNL/SE/CIVIL/AJM/FC: D : 1247 Date :- 25/09/2026

ई-निविदा सूचना संख्या 09 (2026-27)

केन्द्र/राज्य सरकार के विभागों में "ए" व "एए" श्रेणी अथवा अ.वि.वि.नि.लि. के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत, अनुभवी तथा माल एवं सेवाकर विभाग से पंजीकृत निविदाकारों से अधिशाषी अभियंता (सिविल/सिविल-QC), अजमेर/उदयपुर/सीकर/चितौड़गढ़ के अधीन सिविल कार्यो के लिए निविदाऐं UBN No. AVV2627WSOB00263 to AVV2627WSOB00312 आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in व http://energy.rajasthan.gov.in/avvnl पर उपलब्ध है।
राज.संवाद/सी/26/10894 अधीक्षण अभियन्ता (सिविल)

राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड

निविदा आमंत्रण सूचना

प्रशिक्षण विंग में कैटरिंग एवं हाउस कीपिंग संयुक्त सेवाओ हेतु अनुबंध पर इच्छुक निविदाकर्ताओं से दिनांक 22.10.2026 शाम 03.00 बजे तक निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा विस्तृत मय विनिर्देश राज्य की प्रोक्योरमेंट पोर्टल (http://sppp.rajasthan.gov.in), (http://eproc.rajasthan.gov.in) एवं विभाग की वेबसाइट http://energy.rajasthan.gov.in/rrvpn पर देखी जा सकती है।
UBN-VPN2627SLOB01493
बोली में कोई भी विस्तार/संशोधन (यदि कोई हो) केवल उपरोक्त पोर्टल/साइटों पर जारी/अपलोड किया जाएगा।
अधीक्षण अभियन्ता
राज.संवाद/सी/26/10883 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-7814/2026 (मा.स.वि.एवं प्रशिक्षण), जयपुर

कोटा में तीन मंजिला इमारत में भीषण आग लगी, लाखों का माल जला

सात दमकलों की मदद से तीन घंटे में आग पर काबू पाया गया

कोटा, (निसं)। गुमानपुरा थाना क्षेत्र स्थित शॉपिंग सेंटर के मोटर मार्केट में मंगलवार तड़के एक तीन मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। इस इमारत की ऊपरी मंजिलों पर ऑटो पार्ट्स, बाइक सीट कवर और बैग का बड़ा गोदाम था जबकि ग्राउंड फ्लोर पर मैकेनिक की दुकानें हैं। आग इतनी तेजी से फैली कि चंद ही मिनटों में पूरा गोदाम धुएं और लपटों के गुबार से घिर गया। हादसे में लाखों रुपये का सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया।

- **इमारत की ऊपरी मंजिलों पर ऑटो पार्ट्स, बाइक सीट कवर और बैग का बड़ा गोदाम था जबकि ग्राउंड फ्लोर पर मैकेनिक की दुकानें हैं**

नगर निगम के मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि मंगलवार तड़के शॉपिंग सेंटर में आग लगने की सूचना मिली थी, सूचना मिलते ही दमकलें मौके के लिये रवाना की गई। आग ने इतना भीषण रूप लिया कि सात दमकलों की मदद से काफी मशक्कत के बाद तीन घंटे में आग पर काबू पाया गया। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक आग की चपेट में लाखों का सामान जलकर खाक हो गया।

अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि इमारत के पीछे जाने का रास्ता बेहद संकरा था, जिससे राहत कार्य में काफी रुकावट आई। ऐसे में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पतली गली में छोटी जेसीबी मशीन उतारी गई। जेसीबी की छत पर चढ़कर दमकलकर्मी ऊपरी मंजिलों तक पहुंचे और अंदर धुआं भरने के कारण खिड़कियों के कांच तोड़े और दीवार में छेद कर पानी की बौछारें अंदर मारीं। तब जाकर लपटों को शांत किया जा सका। प्रथमदृष्टा से आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान
No. :- F-2(01)Acct/Contract/2026-27/175 - 177 Date :- 23/09/2026

ई-निविदा सूचना संख्या : 46/2026-27

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा कार्यो की कुल लागत	: रूपये 283.50 लाख (10 कार्य)
ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि	: 25.09.2026 को प्रातः 10.00 बजे से 15.10.2026 को सांयः 6.00 बजे तक
Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी	: 25.09.2026 को प्रातः 10.00 बजे से 15.10.2026 को सांयः 6.00 बजे तक
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी	: 16.10.2026 को प्रातः 11:00 बजे

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
UBN No. : ITU2627WSOB00275, 00276, 00279, 00280, 00283, 00284, SLOB00277, 00278, SSOB00281 00282
अधिशाषी अभियन्ता - द्वितीय
राज.संवाद/सी/26/10890 उदयपुर विकास प्राधिकरण

झालावाड़ केन्द्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड
प्रधान कार्यालय, "सहकार भवन, झालावाड़" एन एच -52, झालरापाटन -326023
क्रमांक :- जेकेएसबी/का.( )स्टोर/2026-27/ दिनांक :- 25/09/2026

निविदा सूचना

बैंक शाखाओं में CCTV सेटअप इंस्टालेशन करवाये जाने हेतु NIT NO.- 003/2026-27 द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र निर्धारित दिनांक 26.10.2026 को सायं 02:00 बजे तक निर्धारित निविदा अनुसार बैंक प्रधान कार्यालय, सहकार भवन, NH-52, झालरापाटन-326023 में भिजवाये जा सकते है। विस्तृत जानकारी बैंक की वेबसाईट http://www.ccbjhalawar.bank.in तथा SPPP Portal - http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
NIB Code - JKS2627A0013 UBN NO.- JKS2627GLOB00013
राज.संवाद/सी/26/10927 प्रबंध निदेशक

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सरदारशहर
क्रमांकः 1005-1014 दिनांकः 23/09/2026

ई-निविदा सूचना सं. 10/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड सरदारशहर के अन्तर्गत सड़क निर्माण कार्य हेतु कुल 01 कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर.पी.डब्ल्यू.ए.-100 की शर्त लागू होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा SPPP पर देखा जा सकता है। SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2627A2882 के UBN No. निम्न प्रकार है :-
UBN No.- 1. PWD2627WSOB12974
(ऋतिक सांखला)
अधिशाषी अभियन्ता,
DIPR/C/16731/2026 सा.नि.वि. खण्ड सरदारशहर

कार्यालय नगर परिषद धौलपुर
मचकुण्ड रोड धौलपुर Email Id- dholpur.jaipur@gmail.com, Ph- 05642-220888
क्रमांकः-न.प.धौ./2026-27/8306-08 दिनांकः- 28.09.2026

निविदा आमंत्रित सूचना ई-17

नगर परिषद धौलपुर द्वारा पंजीकृत संवेदकों से सीसी पेंच रिपेयर कार्य वार्ड नं 01 से 30 एवं सीसी पेंच रिपेयर कार्य वार्ड नं 31 से 60 में निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिनकी अनुमानित लागत 20 लाख रू है।
UBN No.-DLB2627WSOB20549, DLB2627WSOB20550,
विवरण के लिये देखे www.sppp.rajasthan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in
आयुक्त
राज.संवाद/सी/26/10923 नगर परिषद धौलपुर

23 साल पुराने मामले में हनुमानगढ़ विधायक पर दर्ज एफआईआर रद्द

जोधपुर, (कासं))। हनुमानगढ़ से निर्दलीय विधायक गणेशराज बंसल को राजस्थान हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने विधायक गणेशराज बंसल के खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त कर दिया है। मामले में विधायक की ओर से अधिवक्ता कुणाल उपाध्याय ने पैरवी की। प्रकरण वर्ष 2003 के कथित फर्जी पट्टा मामले से जुड़ा था। इसी मामले में सीआईडी-सीबी ने विधायक को गिरफ्तार भी किया था।

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने एफआईआर दर्ज किए जाने में हुई देरी और मामले की परिस्थितियों को महत्वपूर्ण माना। बंसल के खिलाफ दर्ज मामलों में घटनाक्रम करीब 23 वर्ष पुराना बताया गया था और एफआईआर वर्ष 2026 में दर्ज हुई थी। गणेशराज बंसल के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर सितंबर में मामला हाईकोर्ट पहुंचा था। विधायक की ओर से हाईकोर्ट में यह पक्ष रखा गया था कि इतने पुराने घटनाक्रम को लेकर लंबे अंतराल के बाद एफआईआर दर्ज की गई और इसके पीछे राजनीतिक परिस्थितियों का भी प्रभाव बताया गया।

- **प्रकरण वर्ष 2003 के कथित फर्जी पट्टा मामले से जुड़ा था, मामले में सीआईडी-सीबी ने विधायक गणेशराज बंसल को गिरफ्तार भी किया था**

उनके समर्थकों ने भी एफआईआर को राजनीतिक कार्रवाई बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की थी। इससे पहले 23 सितंबर को राजस्थान हाईकोर्ट ने गणेशराज बंसल, उनकी पत्नी संतोष बंसल और बेटी वंदना जैन से जुड़े मामलों में भी अंतरिम राहत दी थी। अदालत ने एक एफआईआर में पत्नी और बेटी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाई थी तथा दूसरी एफआईआर में तीनों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक के निर्देश दिए थे। अब एफआईआर निरस्त होने के बाद विधायक गणेशराज बंसल को मामले में महत्वपूर्ण न्यायिक राहत मिली है।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

अलवर, (निसं)। अलवर जिले में नाबालिग युवती के अपहरण और उसके साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी सुरेन्द्र पुत्र रमेश चन्द रैगर को गिरफ्तार कर बालिका को बरामद कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि संजय शर्मा थानाधिकारी थाना अखैपुरा मय टीम द्वारा प्रकरण में कार्रवाई करते हुए नाबालिग अपहर्ता बालिका के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार परिवादियां ने थाना में एक रिपोर्ट दर्ज कराई कि परिवादियां की नाबालिग बालिका चार सितबंर को दोपहर एक बजे से घर से बिना बताये कहीं चली गई। परिजनों ने अपने आस पड़ौस और रिश्तेदारी में सब जगह जानकारी की, लेकिन नाबालिग बालिका कहीं नहीं मिली।

कार्यालय नगर परिषद् बांसवाडा (राज.)
फोन : 02962-243714, 247201, फैक्स : 02962-243714 Email Id :palika.bsw@gmail.com
क्रमांक : एफ 11( )विद्युत/न.प.बा./2026/5656 दिनांक : 25.09.2026

निविदा सूचना स. 02/2026-27
(NIB NO. DLB2627A7924)

सक्षम स्तर पर विद्युत पंजीकृत संवेदक से 01 कार्य की कुल लागत 44.22 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा डाउनलोड की अवधि दिनांक 28/09/2026 प्रातः 11 बजे एंव दिनांक 07/10/2026 सांय 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधित अन्य शर्ते एवं विवरण पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajsthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
UBN Number :-DLB2627WSOB20493
आयुक्त
राज.संवाद/सी/26/10926 नगर परिषद्, बॉसवाड़ा

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्
भू-तल, ब्लॉक-6, डॉ.एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर, फोन नं: 0141-2700459, E-Mail:- RAJSMSA.CIVIL@RAJASTHAN.GOV.IN
क्रमांक :- F-5(1)(325)RCSCE/Civil/NIT 2026-27/2026/D-3958 दिनांक :- 25/09/2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 12 (सिविल)/2026-27
(राजकीय विद्यालय/हॉस्टल के निर्माण/मरम्मत कार्यों हेतु)

राज्य एवं केन्द्र सरकार के राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशासी निकायों में सक्षम श्रेणी में निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत संवेदकों से समग्र शिक्षा वार्षिक कार्य योजना एवं बजट वर्ष 2021-2022, 2022-23, 2023-24, 2024-25, 2025-26, 2025-26 (Supplementary), राज्य मद 2025-26, लेखानुदान की बजट घोषणा वर्ष 2024-25 (Phase-I, II, III, IV, V, VI, VII) एवं पी.एम.श्री. वर्ष 2025-26, नाबार्ड RIDF XXVIII, डी.एम.एफ.टी, एम.एल.ए. लेड, इत्यादि योजनान्तर्गत स्वीकृत 167 राजकीय विद्यालय/हॉस्टल के निर्माण कार्यों हेतु राशि रू. 8344.83 लाख (प्रति कार्य की राशि रूपये 2.00 लाख से 363.34 लाख के मध्य) बाबत् कार्यवार ई-टेण्डरिंग के माध्यम से अल्पकालीन ई-निविदाऐं 28/09/2026 प्रातः 10.00 बजे से 04/10/2026 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

- निविदा से सम्बधित समस्त विस्तृत विवरण वेबसाईट https://rajsmsa.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा से सम्बन्धित प्रक्रिया जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा कार्यालय सम्बन्धित जिला के स्तर से की जावेगी।

राज.संवाद/सी/26/10929 UBN : RSE2627WSOB01381 राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड-डूंगरपुर
Mail: eepheddpr@gmail.com
क्रमांक-अ.अ./खण्ड/तक/निविदा/2026-27/1667-71 दिनांक-24/09/2026

ई-निविदा सूचना संख्या 18/2026-27

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड-डूंगरपुर के अधीन कार्य हेतु ऑनलाईन बिड आंमत्रित की जाती है। बिड से संबंधित समस्त जानकारी प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in व http://sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।
एन.आई.बी. नम्बर-PHE2627A2720
NIT No. 18/2026-27 UBN No. PHE2627WSRC05702
अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वा अभि विभाग
DIPR/C/16507/2026 खण्ड-डूंगरपुर

हादसे में मिठाई व्यवसायी की मौत

जोधपुर, (कासं)। ओसियां-फलोदी स्टेट हाइवे पर नेवरा रोड के पास मंगलवार सुबह तेल टैंकर और कार में टक्कर हो गई। हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। ड्राइवर को ग्रामीणों ने निकालकर मथानिया राजकीय सैटेलाइट अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित दिया।कार चालक की पहचान नेवरा गांव तेजा नगर निवासी भूपेंद्र सिंह पुत्र हनुमान सिंह राजपुरोहित के रूप में हुई। वह पंजाब में मिठाई का काम करते हैं। इन दिनों अपने घर आए हुए थे।

कोटा में डंपर की टक्कर से कार सवार युवक की मौत

कोटा, (निसं)। सिमलिया थाना इलाके में फोरलेन पर तेज रफ्तार डंपर चालक ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार में सवार युवक की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार कार से 36 वर्षीय युवक बारां से कोटा की ओर आते समय सिमलिया क्षेत्र के कालीसिंध नदी की पुलिया के समीप पलायथा-सिंता क्षेत्र में पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे डंपर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाते हुए कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार फोर लेन पर आगे चल रहे ट्रक से टकरा कर व पीछे से टक्कर मारने वाले डंपर दोनों के बीच में फंस गई। हादसे की सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिये अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सिमलिया थानाधिकारी नंद सिंह ने बताया कि सोमवार देर रात्रि को कालीसिंध नदी हाइवे पर डंपर ने कार को पीछे से टक्कर मारी, हादसे में कोटा के स्वामी विवेकानंद नगर निवासी तरूणकांत मीणा (36) की मौत हो गई। थानाधिकारी ने बताया कि तरूणकांत मीणा बारां में एक गैस एजेंसी का संचालन करता था, जो सोमवार देर रात्रि को बारां से कोटा घर जाने के लिये कार से निकला था। थानाधिकारी ने बताया कि मंगलवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया, मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

राजस्थान ऊर्जा विकास एवं आईटी सर्विसेज लिमिटेड
(राजस्थान सरकार का उपक्रम), पंजि.कार्या. : विद्युत भवन, ज्योति नगर, जयपुर - 302005

निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति

रा. ऊ. वि. एवं आईटी सर्विसेस लि. जयपुर द्वारा एन. आई. टी संख्या HR 06/2026-27 में यथा उल्लेखित नियमों/शर्तो/तकनीकी विशिष्टता के अनुसार ईछुक निविदादाता/फ़र्म/एजन्सी से 55 एयर कंडीशनर (AC) हेतु अलग अलग मोहरबंद लिफाफो मे निविदा आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी के लिए कृपया www.sppp.rajasthan.gov.in तथा www.eproc.rajasthan.gov.in की वैबसाइट देखें। नोटः- अगर कोई शुद्धि-पत्र (corrigendum) जारी किया जाता है, तो वह केवल www.sppp.rajasthan.gov.in तथा www.eproc.rajasthan.gov.in तथा RUVITL की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा। UBN - RUV2627GLRC00008
राज.संवाद/सी/26/10892 आरयूवीआईटीएल/पीआर- 130 (2026) उप निदेशक (मा. स.)
बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507

कार्यालय अधिशासी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, उत्पादन वितरण एवं राजस्व खण्ड तृतीय, बीकानेर-334001
Email: eepdr3.bik.phed@rajasthan.gov.in Phone: 0151-2226469
No: Date:

ई-बोली सूचना संख्याः- 21-27/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, राजस्थान के पंजीकृत / सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग द्वारा ई-बोली आमंत्रित की जाती है। यह ई-बोली "Website:-www.sppp.rajasthan.nic.in" पर देखी जा सकती है तथा ई-बोली प्रपत्र "Website:-http://eproc.rajasthan.gov.in" से दिनांक 06-10-2026 को 18:00 बजे तक डाउनलोड किये जा सकते है तथा ऑनलाईन बोली डालने की अवधि दिनांक 06-10-2026 को 18:00 बजे तक रहेगी, उक्त ई-बोली दिनांक 07-10-2026 को 11:00 बजे उपस्थित बोलीदाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ऑनलाईन खोली जायेगी। RPWA 100 की समस्त शर्ते लागू होगी। इस ई-बोली सूचना में कुल 07 कार्य है, इस कार्य की कुल लागत राशि 57.79 लाख है।

S. No.	BID No.	UBN No.
1.	21/2026-27	PHE2627WSOB05731
2.	22/2026-27	PHE2627WSOB05733
3.	23/2026-27	PHE2627WSOB05736
4.	24/2026-27	PHE2627WSOB05738
5.	25/2026-27	PHE2627WSOB05740
6.	26/2026-27	PHE2627WSOB05742
7.	27/2026-27	PHE2627GSOB05745

जल सीमित हैं, इसकी बचत करें
अधिशाषी अभियंता
जन स्वा. अभि. विभाग उ. वि.
DIPR/C/16542/2026 एवं राजस्व खंड तृतीय बीकानेर

Executive Engineer Water Resources Division Karauli
No. 2301 Date: 26/09/2026

Short Term Notice Inviting Bid (N.I.T. 05/2026-27)

Bids for 02 nos works under M&R are invited from interested bidders from 26.09.2026 to dated 02.10.2026 upto 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state. The approximate value of the procurement in Total Rs. 29.24 Lacs.
NIB Code - WRD2627A0344
UBN No. - WRD2627WSOB00712, WRD2627WSOB00713
(Vivek Bansal)
Executive Engineer
DIPR/C/16807/2026 Water Resources Divison Karauli

"तरंग शक्ति-2026 युद्धभ्यास" में तेजस और एफ-35ए ने एक साथ उड़ान भरी

एफ-35ए भारत में पहली बार युद्धाभ्यास में शामिल हो रहे हैं

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन में चल रहे "तरंग शक्ति-2026 युद्धाभ्यास" में भारत ने स्वदेशी विमान तेजस और दुनिया का सबसे आधुनिक फाइटर जेट एफ-35ए ने एक साथ उड़ान भरी। एफ-35ए भारत में पहली बार युद्धाभ्यास में शामिल हो रहे हैं। छह फाइटर जेट जापान में स्थित अमेरिका के एयर बेस से जोधपुर आए हैं। भारतीय वायु सेना द्वारा जारी एक वीडियो में भारत का स्वदेशी विमान तेजस और एफ-35 एक साथ उड़ते हुए दिख रहे हैं।

जानकारी के अनुसार जोधपुर में चल रहे वायुसेना के "तरंग शक्ति-2026" युद्धाभ्यास में दुनिया के 8 बड़े देश हिस्सा ले रहे हैं। भारत में अमेरिकी दूतावास ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर जानकारी दी कि अमेरिकी वायुसेना के एफ-35ए लाइटनिंग द्वितीय विमान पहली बार भारत में आयोजित तरंग शक्ति अभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं। स्टील्थ तकनीक, अत्याधुनिक सेंसर और सूचना साझा करने की क्षमताओं से लैस एफ-35 विमान भारतीय वायुसेना और अन्य सहयोगी देशों के साथ प्रशिक्षण के नए अवसर उपलब्ध करा रहे हैं। इससे आपसी समन्वय और संयुक्त तैयारी को और मजबूत करने में मदद मिलेगी। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस बहुराष्ट्रीय युद्धाभ्यास में भारत के साथ ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, फ्रांस, जर्मनी, श्रीलंका और बांग्लादेश हिस्सा ले रहे हैं, यानी भारत समेत कुल आठ देशों की वायु सेनाएं सीधे तौर पर भाग ले रही हैं। इसके अतिरिक्त, 32 से ज्यादा देश इस सैन्य आयोजन में प्रेक्षक (ऑब्जर्वर) के रूप में शामिल हुए हैं।

- **जोधपुर में चल रहे वायुसेना के "तरंग शक्ति-2026" युद्धाभ्यास में दुनिया के आठ बड़े देश हिस्सा ले रहे हैं**

वहीं भारतीय वायुसेना ने तरंग शक्ति युद्धाभ्यास को लेकर एक्स पर पोस्ट की। वायुसेना ने बताया कि जोधपुर के आसमान में बहुराष्ट्रीय हवाई शक्ति का एक अद्भुत और शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, जहां भाग ले रहे विभिन्न देशों के लड़ाकू विमानों ने बेहतर रणनीतिक अभियानों के लिए उड़ान भरी। सटीकता, शक्ति और साझेदारी के संदेश के साथ ये अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स आज एक ही आसमान में एकजुट होकर भारत की सैन्य ताकत और वैश्विक सहयोग का परचम लहरा रहे हैं। इस विशाल सैन्य अभ्यास का मुख्य उद्देश्य दुनिया की अग्रणी वायुसेनाओं के बीच आधुनिक युद्ध तकनीकों का आदान-प्रदान करना और एक-दूसरे के साथ मिलकर किसी भी आपात स्थिति से निपटने की क्षमता को बढ़ाना है। इस दौरान दिन और रात में होने वाले जटिल हवाई हमलों, डॉगफाइट और हवा में ही ईंधन भरने जैसे कठिन अभ्यासों को अंजाम दिया जा रहा है, जिससे भारत की रक्षा कूटनीति को वैश्विक मंच पर एक नया मुकाम मिला है।

उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान
No. :- F-2(01)Acct/Contract/2026-27/163 - 165 Date :- 23/09/2026

ई-निविदा सूचना संख्या : 42/2026-27

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा कार्यो की कुल लागत	: रूपये 565.00 लाख (01 कार्य)
ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि	: 25.09.2026 को प्रातः 10.00 बजे से 20.10.2026 को सांयः 6.00 बजे तक
Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी	: 25.09.2026 को प्रातः 10.00 बजे से 20.10.2026 को सांयः 6.00 बजे तक
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी	: 21.10.2026 को प्रातः 11:00 बजे (तकनीकी बिड)

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
UBN No. : ITU2627WLOB00257
अधिशाषी अभियन्ता - प्रथम
राज.संवाद/सी/26/10886 उदयपुर विकास प्राधिकरण

राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड
CIN:- U40102RJ2000SGCO16484 (राजस्थान सरकार का उपक्रम)
विद्युत भवन, ज्योति नगर, जनपथ, जयपुर -302005

सार्वजनिक सूचना

सूचना दी जाती है कि राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (RVUN) ने राजस्थान विद्युत नियामक आयोग (RERC) के समक्ष एक समीक्षा याचिका दायर की है। यह याचिका राजस्थान विद्युत नियामक आयोग (टैरिफ तय करने के नियम और शर्तें) विनियम, 2025 में संशोधन के लिए है। इसमें उन बिजली उत्पादन केंद्रों के लिए 'अतिरिक्त पूंजीकरण' (Additional Capitalisation) की अनुमति मांगी गई है जिनका उपयोगी जीवनकाल (useful life) पूरा हो चुका है और जिनका नवीनीकरण और आधुनिकीकरण (R&M) किया जाना है। साथ ही, कोयले से चलने वाले थर्मल बिजली उत्पादन केंद्रों के लिए R&M लागत के अतिरिक्त पूंजीकरण के विकल्प के तौर पर विशेष भत्ता (Special Allowance) की मांग भी की गई है। यह याचिका राजस्थान विद्युत नियामक आयोग (काम-काज के नियम) विनियम, 2021 के विनियम 19 और 21; राजस्थान विद्युत नियामक आयोग (टैरिफ तय करने के नियम और शर्तें) विनियम, 2025 के विनियम 94; और विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 61, 86(1)(a) और 181(2)(zd) के तहत दायर की गई है। याचिका की प्रतियां RERC कार्यालय और जयपुर के ज्योति नगर स्थित विद्युत भवन में याचिकाकर्ता के कार्यालय में रु. 100 का भुगतान करके देखी और खरीदी जा सकती है। यह याचिका RVUN की वेबसाइट https://energy.rajasthan.gov.in/rvun और https://rerc.rajasthan.gov.in/ जो लोग अपनी राय या सुझाव देना चाहते है, वे RERC (ट्रांजेक्शन ऑफ बिजनेस) रेगुलेशंस 2021 के फॉर्म-3 में शपथ-पत्र और जरूरी जानकारी के साथ 6 प्रतियां (कॉपी) में इसे रिसीविंग ऑफिसर, RERC, विद्युत विनियामक भवन, सहकार मार्ग, स्टेट मोटर गैराज के पास, जयपुर-302001 के पते पर भेज सकते है। ये दस्तावेज रिसीविंग ऑफिसर के पास 17.10.2026 तक या उससे पहले पहुँच जाने चाहिए।
RVUN/PR-4478
राज.संवाद/सी/26/10964 मुख्य अभियन्ता (पीपीसी एंड पीटीडी)